पंचायत समिति सदस्य
प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला
24 नवम्बर 2023

पंचायत समिति सदस्य
प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला

*प्रदेश भाजपा आयोजित करेगी पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग

*प्रशिक्षण भाजपा का महत्वपूर्ण सांगठनिक कार्यक्रम

*प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बोले प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह

कार्यकर्ता निर्माण की सहज सरल प्रक्रिया है प्रशिक्षण वर्ग.....कर्मवीर सिंह

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमे आगामी 27से 30नवंबर तक प्रदेश के 17स्थानों पर आयोजित होने वाले पंचायत समिति सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी की रीति नीति,कार्यपद्धति,कार्यक्रम,लोक कल्याणकारी योजनाएं आदि से संबंधित जानकारियों केलिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक है। भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है जो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक के जन प्रतिनिधियों केलिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की सहज सरल प्रक्रिया है।

श्री सिंह ने कहा कि भाजपा ने पंचायत चुनाव में जीते जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हे सम्मानित किया तथा जनता का आभार जताया। और अब पार्टी उनका प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर रही।

कहा कि विगत दिनों प्रदेश भाजपा ने गिरिडीह के मधुबन में जिला परिषद सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग लगाया, कोलकाता में जिला पंचायत अध्यक्ष का प्रशिक्षण हुआ और अब तीसरे चरण में पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण होने जा रहा।

कहा कि यह प्रशिक्षण अंत्योदय के मार्ग को प्रशस्त करता है। राष्ट्रवादी चिंतन का विस्तार करता है।

बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग जमीनी स्तर के प्रतिनिधियों से संवाद का माध्यम है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में पंचायत जन प्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित कराने केलिए प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम की भूमिका महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सभी स्तर के जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पंचायत प्रतिनिधि नीव के पत्थर हैं जिन्हे सक्रिय करके विकसित भारत ,आत्म निर्भर भारत के सपनो को तेजी से पूरा किया जा सकता है।

कार्यशाला में राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा,अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय,सांसद पी एन सिंह, बीडी राम,संजय सेठ,विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण,अनंत ओझा,नवीन जायसवाल,समरी लाल,अमित मंडल,भानु प्रताप शाही, सहित प्रशिक्षण वर्ग से जुड़े पदाधिकारी,कार्यकर्ता शामिल थे।

कार्यशाला का संचालन प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता अमित सिंह ने किया।

प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने आगामी प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते हुए कहा कि 27नवंबर को गिरिडीह,पलामू,28नवंबर को हजारीबाग ,पश्चिम सिंहभूम,, चतरा,लातेहार,29 नवंबर को लोहरदगा ,गुमला,गढ़वा,पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर,धनबाद महानगर एवम ग्रामीण तथा 30नवंबर को सिमडेगा,खूंटी,रांची ग्रामीण,सरायकेला खरसावां,कोडरमा ,बोकारो रामगढ़ जिलों के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे।

बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी , अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव,राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती आशा लकड़ा निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, दिनेशानंद गोस्वामी,रविंद्र कुमार राय सहित प्रदेश पदाधिकारी,सांसद,विधायक गण भी शामिल होंगे